हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री



12 महिला सशक्तिकरण के बिना परिवार और समाज का विकास नहीं हो सकता





12 ग्रामीणों ने दुर्गा मंच निर्माण का भूमिपूजन किया






## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# आरएसएस ने किया हिंदू समाज में एकता के मंत्र का संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर नव चेतना एकत्रिकरण कार्यक्रम का किया आयोजन





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलौदाबाजार नगर द्वारा हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर नव चेतना एकत्रिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संघ के स्वयंसेवक सहित नगर के गणमान्य नागरिक, मातृ शक्तियों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संघ चालक गणेश देवांगन, नगर संघ चालक राजनारायण केशरवानी तथा सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव ने भारत माता और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में सांगिक गीत धर्म ध्वजा हाथ मा सब समाज, साथ मा एकता मंत्र हम गुंजाबो एकत्रीकरण के उद्देश्य को स्पष्ट कर रहा था कि संघ अपनी शताब्दी वर्ष में सम्पूर्ण हिन्दू समाज में एकता के मंत्र का संचार करना चाहता हैं।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव ने कहा की हम भारत भममि पर जन्म लिए हैं, यह हमारा सौभाग्य हैं। आज भारत विश्व की अपेक्षा का केन्द्र बना हुआ हैं, ऐसे में संघ आगामी ▶▶ शेष पेज 11 पर

## आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नववर्ष, नवरात्रि प्रारंभ

**लवन।** आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 9 अप्रैल समस्त भारतवासियों का नववर्ष है। आज ही के दिन महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा समस्त विश्व के कल्याणार्थे आर्य समाज की स्थापना की गई थी। इसी दिन से भारतीय विक्रम संवत का प्रारंभ होता है। चेट्रीचंड महोत्सव भी इसी दिन मनाया जाता है। नवरात्रि का शुभारंभ भी इसी दिन होता है। भगवान श्री रामचन्द्र एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इसी पवित्र दिन हुआ था। वेद ही समस्त धर्मों का मूल है। वेद एवं मानव की उत्पत्ति के 1960853125 वर्ष होने पर विक्रम संवत 2081 प्रारम्भ के अवसर पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को एक दिवसीय यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन ऋषि परम्परा के विद्वान योगाचार्य नंद कुमार आर्य के आचार्यत्व में रखा गया है। नववर्ष की पावन बेला में याज्ञिक वातावरण में पधारकर पर्यावरण प्रदूषण दूर करने में सहभागी बन अपना कृतार्थ करें। यह जानकारी प्रधान मोहन साहू, सचिव चूड़ा मणि सिंघम, कोषाध्यक्ष बोहरन साहू,पंचराम साहू, बृहस्पत प्रधान, गंगाप्रसाद साहू, ईतवारी निषाद, अरूण साहू, मदन वर्मा, आदित्य साहू, धनसिंह, प्रभू साहू, ठाकुर राम सेन, राजाराम कैवर्त ने दी।

### हादसा : धुआं से भर गया मोहल्ला, सामूहिक प्रयास से बड़ा हादसा टला

# धू-धू कर जलती रही दुकान, काम नहीं आया नगर पालिका का फायर ब्रिगेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



सदर बाजार भाटापारा के एक मकान में आग लग गई। शाम को घर में लगी आग से पूरे सदर बाजार में अफरा तफरी मच गई। आस पड़ोस से लेकर सदर बाजार के दुकानदारों ने आग बुझाने के सार्थक प्रयास किये। कुछ घंटे की मेहनत बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन आग से निकला धुआं इतना अधिक था कि आग बुझाने के लिए घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। जो भी हो लेकिन सामूहिक प्रयास से एक बड़ा हादसा टल गया।

विद्युत संबंधी सामग्री या शार्ट सर्किट से आग लगने का कारण बताया जा रहा है। आग लगने के बाद सदर और शंकर वार्ड के विद्युत प्रवाह बंद कर दी गई। विदित हो कि आग पर काबू पाने के लिए एकमात्र उपाय फायर ब्रिगेड होता है। आग लगने के तुरंत बाद लोगों ने नगर पालिका से फायर ब्रिगेड तो बुला लिया, लेकिन दुर्भाग्य वश फायर ब्रिगेड काम नहीं आया। फायर ब्रिगेड तो आ गया, पानी भी उपलब्ध था लेकिन फायर ब्रिगेड की सीढ़ी में लॉक नहीं होने के कारण प्रथम तल में आग बुझाने का प्रयास असफल रहा। पालिका प्रशासन की एक छोटी सी लापरवाही के कारण लाखों की फायर ब्रिगेड काम नहीं आया और इस तरह पालिका प्रशासन की एक और असफलता सामने आ गई। मकान में आग लगी हुई थी, फायर ब्रिगेड उपस्थित था। लोग प्रयास करते रहे, लेकिन नगर पालिका भाटापारा फायर ब्रिगेड की एक सीढ़ी को नहीं बनवा पाई।

**सदर बाजार के व्यापारियों में नाराजगी**

वर्षों पूर्व भी सदर बाजार में आगजनी की घटना हुई थी, जिसमें एक बड़ी दुकान जलकर खाक हो गई थी। उस समय भी व्यापारियों ने प्रशासन से व्यवस्था सुधारने की मांग की थी, लेकिन इतनी बड़ी घटना के बाद भी पूर्व की तरह प्रशासन निष्क्रीय दिखा। घटित मकान के नीचे भूतल पर एक बैंक और एक कपड़ा दुकान के साथ-साथ कार्यालय भी है। यदि फायर ब्रिगेड की सीढ़ी को पूर्व में सुधार लिया गया होता तो बड़ी आसानी से आग पर काबू पा लिया गया होता, प्रशासन की लापरवाही के कारण व्यापारियों में नाराजगी है।

**पालिका की लापरवाही**

पालिका प्रशासन की लापरवाही का नुकसान नगरवासियों को उठाना पड़ रहा है। फायर ब्रिगेड की सीढ़ी का लॉक ठीक होता तो आग पर बड़ी आसानी से काबू पा लिया गया होता।

-सुनील शर्मा, पूर्व पार्षद

## सभी विषयों में है स्कोप, जरुत है मेहनत और लगन की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- केरियर काउंसिलिंग में अतिथियों ने छात्रों को दिए टिप्स

समीपस्थ ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में केरियर काउंसलिंग का सेशन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि सूर्यकांत अग्रवाल आईआईटी बॉम्बे, नीट और जेई ट्रेनर सूर्य अभिनंदन ठाकुर, एलएलबी हिदायतुल्ला यूनिवर्सिटी रायपुर मल्लिकार्जुन, प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट, महाराजा अग्रसेन इंटरनेशन कॉलेज रायपुर सम्यक जैन, आईटीआई कानपुर तथा कृष्णान कुमार मेनन, एचआर इन मैन्युफैक्चर, शेल बेस्ड कंपनीज उपस्थित थे। साथ–साथ प्रेरणा विद्यालय की प्रिंसिपल रीभा चौधरी, वाइस प्रिंसिपल पूनम कश्यप भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरूआत प्रेरणा विद्यालय के कोचिंग कोऑर्डिनेटर विभा दीदी ने किया तथा सूर्यकांत अग्रवाल ने कहा कि सबसे पहले अपने लक्ष्य को चुनने के बाद इंटरेस्ट डेवलप होते जाते हैं और जब आप अपना एक फील्ड चुन लेते हैं तो सही दिशा में मेहनत कर सकते हैं, क्योंकि सभी सब्जेक्ट में स्कोप तो बहुत ही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि 11 वीं, 12वीं की पढ़ाई के लिए आपको ज्यादा एफर्ट करना पड़ता है। इंटरनेट स्कोर भी देखा जा सकता हैं, ▶▶ शेष पेज 11 पर

**स्कूल पढ़ाई की दिनचर्या किया साझा**

उन्होंने बच्चों को प्रॉपर सब्जेक्ट लेने के लिए गाइड किया। मल्लिकार्जुन ने कॉमर्स के फील्ड में आगे पढ़ाई करने वालों को बिजनेस का उदाहरण देते हुए कॉमर्स के इंपोटेंर्स को समझाया तथा 12 वीं के बाद कॉमर्स के फील्ड में स्कोप के साथ–साथ स्किल डेवलपमेंट के कोर्स करने पर भी उन्होंने फोकस किया। सम्यक जैन ने अपने स्कूल पढ़ाई की दिनचर्या साझा की। नई कक्षा में प्रवेशित विद्यार्थियों के विषय संबंधित संदेह एवं समस्या को समझाते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थियों के लिए एकलय में अनुशासन एवं समय सारणी का पालन करना व समय पर उठना, समय पर सोना, नियमित अध्ययन करना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### शहर में 11 को निकलेगी गणगौर शोभायात्रा

**भाटापारा।** राजस्थान के सबसे बड़े उत्सव गणगौर पूजा इन दिनों यहां विधि विधान से की जा रही है। मारवाड़ी समुदाय द्वारा 16 दिन तक शिव-पार्वती की आराधना कर सुखी वैवाहिक जीवन का आशीष मांगा जाता है। नव विवाहिता एवं युवतियां माता पार्वती से सौभाग्य मांगती है। नगर में धनजी भाई जोशी द्वारा 11 अप्रेल इस कार्यक्रम के लिए शोभा यात्रा निकाली जायेगी, जिसकी तैयारी जारी है। शोभायात्रा शाम 4 बजे धनजी भाई जोशी के निवास स्थान से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मारवाड़ी कुंआ पहुंचेगी। बाजे-गाजे के साथ शिव पार्वती की शोभा यात्रा से निकाली जावेगी।अतः सभी स्वजन बहनों भाइयों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढावें ।

### लोकसभा क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक समीत होंगे

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में डॉ. समीत शर्मा (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। वे लोकसभा अंतर्गत सभी विधानसभाओं के लिए सामान्य प्रेक्षक होंगे। सामान्य प्रेक्षक डॉ. शर्मा से प्रतिदिन सबेरे 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्किट हाऊस में मुलाकात कर सकते हैं। उनके लाइजनिंग अधिकारी खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू को नियुक्त किया गया है।

## 120 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसानाला

थाना सरसीवा पुलिस द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं पर एक के बाद लगातार कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इसी प्रकरण में पुलिस ने ग्राम छिरचुआ में छापामार कार्रवाई कर ग्रामीण से 120 लीटर महुआ शराब जब्त की है।

थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम छिरचुआ निवासी 32 वर्षीय फगनुराम गोंड कई दिनों से अवैध रूप से शराब बिक्री करते आ रहा है। पुलिस ने आरोपी को दबोचा और पूछताछ की तो उसने घर पीछे खेत में एक जुट बोरी के अंदर 200 नग पाऊच प्रत्येक में 200 एमएल होना औरा नाला के पास चार पीले रंग की 20–20 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक डिब्बा में भरी करीब 80 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल जुमला 120 लीटर ▶▶ शेष पेज 11 पर



## न्योता भोज से बच्चों में बढ़ा उत्साह

**पलारी।** कौड़िया स्कूल में न्योता भोज का आयोजन किया गया, जहां बच्चों को खीर, पूरी, छत्तीसगढ़ी व्यंजन के साथ केला, अंगूर, जलेबी, मिठाई, सलाद, पापड़, आलू, चना-सब्जी मध्यान्ह भोजन के मीनू के अनुसार परोसा गया। पहली बार न्योता भोज के आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल था। सभी बच्चे उत्साहित होकर भोजन ग्रहण किये। यह आयोजन पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो टीम के सक्रिय सदस्य इंद्रकुमार वर्मा ने बिटिया अनन्या वर्मा के जन्मदिवस पर कार्यक्रम किया। इस दौरान समस्त शिक्षक एवं अतिथियों को पौधा भेंट किया गया। उक्त अवसर पर प्रधानपाठक मेघराम जायसवाल, मनोजकुमार चंद्राकर, मालिकराम, सुशील बंजारे, लक्ष्मी चंद कन्नौजे, पुरुषोत्तम, फत्ते, पटकुमार, खिलेश्वर, मीना, भुनेश्वरी, प्यारी, शिवलाल, मोंगरा वर्मा, डागेश्वरी वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, प्रमीला, यशवंत वर्मा, मोनीका, रामखिलावन, नीरज, विकास, सुषमा, सोमांश जीयांस, संतोष वर्मा, राजु वर्मा, प्रदीप साहू आदि उपस्तिथ थे।

## ब्लॉक मुख्यालय में हुई मतदाता जागरुकता दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- आत्मानंद स्कूल में हुआ दौड़ का समापन





लोकसभा निर्वाचन के तहत स्वीप योजना के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय मतदाता जागरुकता दौड़ का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा से फ्लाई ओवर तिल्दा रोड तक किया गया। दौड़ का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी अंशुल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया, जिसमें तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी यशवंत वर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी पारस पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले, विकासखंड के विभिन्न स्कूलों से छात्र–छात्राएं शिक्षक एवं शिक्षिका इस दौड़ में भाग लेकर नारे लगाते हुए मतदाता को जागरूक किया कि वह 7 मई को होने वाली लोकसभा निर्वाचन में अपना मत का प्रयोग करें। दौड़ का समापन स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुआ। तत्पश्चात सिमगा क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सभी छात्र एवं शिक्षकों को मतदाता जागरूकता के लिए शपथ दिलाई। उनके द्वारा सभी छात्रों से यह भी कहा गया कि अपने–अपने घर पर जाकर अपने माता–पिता परिवारजनों एवं आस पड़ोस के लोगों को मतदाता जागरूकता के बारे में बताएं एवं पोलिंग बूथ में जाकर मतदान अवश्य करें। इसके पश्चात बच्चों शिक्षकों को अंकुरित चना वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्यगण, बीआरसीसी, संकुल समन्वयकगण, छात्र–छात्राएं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। अंत में अनुविभागीय अधिकारी वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में वृद्धजन एवं दिव्यांगों का हुआ सम्मान

# लोभ, लालच से दूर रहें व निर्भय होकर करें मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



**कलेक्टर ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया**

इसी प्रकार गांव की बालिकाओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान एवं एसडीएम वासु जैन ने इस अवसर पर वृद्धजनों को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम घोठला बड़े में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धजन एवं दिव्यांग सम्मान एवं स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए। जिले में शत प्रतिशत मतदान करने और मतदान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया, जिसमें गांव की ग्रामीण महिला पुरुष, वृद्धजन, युवा, दिव्यांग आदि शामिल हुए। आवासीय प्रांजल विद्यालय सारंगढ़ के मानसिक दिव्यांग बच्चों द्वारा सुस्वागतम और सांस्कृतिक गीत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कलेक्टर साहू ने कहा कि आप सभी वोट दें और आप अपने से जुड़े लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। भारत चुनाव आयोग ने 80 वर्ष से अधिक आयु, दिव्यांग एवं असक्षम मतदाता को विशेषकर व्यवस्था किए हैं कि जिससे वे अपने घर बैठे मतदान कर सकते हैं। आप सभी मतदाता अपने विवेक से लोकतंत्र के चुनाव में बिना किसी डर के, बिना किसी लोभ के, उसी व्यक्ति को अपना वोट दें जिस को आप पसंद करते हैं, जो आपके दुख सुख में काम आएं। देश का गर्व और लोकतंत्र के पर्व को आप सभी आनंद से मनाएं। स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने कहा कि मतदान के दिन मतदान केन्द्र में व्हील चेयर, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था रहेगी। अभी सामूहिक शपथ हम सभी ने ▶▶ शेष पेज 11 पर

**कलेक्टर ने ईव्हीएम आकृति का केक काटा**

इस अवसर पर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के आव्हान पर एक बालिका के जन्मदिन पर उनके और एक वृद्ध माता के हाथों ईव्हीएम मशीन की आकृति पर बना केक को काटा गया। कलेक्टर साहू ने सहज भाव से केक का पहला निवाला वहां पर उपस्थित एक बच्चे को देने के लिए कहा, बच्चे को केक दिया गया और वह बालक खुश हुआ। कलेक्टर सहित सभी लोगों के साथ मूकबधिक बच्चों ने सांकेतिक भाषा में मतदातन की शपथ ली।

## कत्लखाना ले जाए जा रहे 7 मवेशी बरामद

**महासमुंद।** पिकअप के माध्यम से कत्लखाना ले जाए जा रहे 7 मवेशियों को पुलिस ने बरामद किया है। मामले में दुर्गेश यादव पिता महादेव यादव की रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा जाने के रास्ते पर छिलपावन में पिकअप ओडी 08 एफ 1103 के जरिए 7 गौवंश को कत्लखाना ले जाया जा रहा था।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी परमा भोई पिता उग्रसेन (39) बरगांव, थाना बोड़ेल, जिला नुवापाड़ा ओडिशा व एक अन्य पर धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया गया है।


हरिभूमि
**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# चार नए मेडिकल कॉलेज खोलने की कवायद, चिकित्सा छात्रों को होगा 200 सीटों का फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को अगले साल 200 सीटों का फायदा होने की उम्मीद है। कवर्धा, जांजगीर, मनेंद्रगढ़ और गीदम में 50-50 सीटों के कॉलेज शुरू करने की तैयारी है। जिला अस्पतालों से संबंधित इन कॉलेजों के लिए भवन निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार में हर जिले में मेडिकल कॉलेज की योजना पर काम किया जा रहा है। इस दौर में यहां पिछले कुछ सालों में तीन नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। अगले साल चार अन्य जिलों कवर्धा, जांजगीर, मनेन्द्रगढ़ और गीदम में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू होने के आसार हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रत्येक कॉलेज के लिए भवन निर्माण सहित अन्य संसाधन जुटाने तीन सौ करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत की गई है। काम की प्रगति की निगरानी के लिए चार सदस्यीय हाईपॉवर कमेटी भी गठित की जा चुकी है।

नए कॉलेजों के भवन के लिए जिला प्रशासन की मदद से जमीन का चिन्हाकंन किया जा चुका है, जहां निर्माण के लिए आने वाले दिनों में टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन कॉलेजों की शुरुआत 50-50 सीटों के साथ करने की योजना बनाई गई है और इसकी संबद्धता जिला अस्पतालों के साथ रहेगी।

## कवर्धा, जांजगीर, मनेंद्रगढ़ और गीदम में 50-50 सीटों के कॉलेज

■ चिन्हांकित स्थानों पर भवन निर्माण के लिए जल्द शुरू होगी प्रक्रिया



### फैकल्टी बड़ी चुनौती

सूत्रों के अनुसार छात्रहित में चिकित्सा महाविद्यालयों के संख्या बढ़ाने जोर-शोर से काम किया जा रहा है, मगर इन कॉलेजों में फैकल्टी की सुविधा जुटाना बड़ी चुनौती है। राज्य के कई शासकीय मेडिकल कॉलेज इस समस्या से जूझ रहे हैं। शासन स्तर पर इस कमी को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं, मगर इसमें ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई है।

### अभी दस शासकीय मेडिकल कॉलेज

राज्य में अभी 10 शासकीय मेडिकल कॉलेजों का संचालन किया जा रहा है, जहां एमबीबीएस की 11 सौ से अधिक सीटें हैं। इसके अलावा साढ़े चार सौ सीटों के साथ तीन निजी मेडिकल कॉलेज भी संचालित हैं। शासकीय स्तर पर कॉलेजों की संख्या बढ़ने की वजह से चिकित्सा छात्रों के पास पढ़ाई के लिए बेहतर विकल्प होंगे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व छात्र संघ मुंबई में बनाएं छात्रावास : बैस



**रायपुर।** यह गर्व की बात है कि शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर छत्तीसगढ़, जीईसी-एनआईटी के कई पूर्व छात्र मुंबई में विभिन्न सरकारी और अर्धसरकारी संगठनों और उद्योग में योगदान दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ से मुंबई में उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण या रोजगार के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व छात्र, छात्रावास बनाने का विचार करें। ये आव्हान महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने किया है।

### सुंदर बहराणा साहिब सजाकर लाने पर मिलेगा पुरस्कार

**रायपुर।** चेटीचंड्र महोत्सव के तहत संत कंवरराम नगर में भगवान झूलेलाल मंदिर में 501 बहराणा साहिब महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आयोजक राजा बजाज, बंटी बजाज परिवार, सिंधु दुर्गात्सव समिति और सहयोगी बाबा गुरमुख दास सेवा समिति व सेवा पथ संस्था द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर सेवा पथ संस्था के मीडिया प्रभारी पहलाज खेमानी और शंकर बजाज ने बताया कि इस 501 बहराणा साहिब में जो श्रद्धालु सबसे सुंदर बहराणा साहिब सजाकर लाएंगे, उन्हें पुरस्कार दिया जाएगा। इस तरह 72 श्रद्धालुओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस महायज्ञ में सुनील रामानी, देवराज गुरनानी, दीपक ऐशानी, दर्शन अठवानी, दीपक केवलानी आदि ने सेवा कार्यों को संपन्न करने का बीड़ा उठाया है।

### सामाजिक समरसता बढ़ाने गुप्ता समाज की पहल



**रायपुर।** भुंजवा कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज सेवा समिति की पहल पर टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में पहली बार सामाजिक होली मिलन का आयोजन रविवार को किया गया। इसके चलते गोंडवाना भवन में खुशनुमा माहौल रहा। विभिन्न क्षेत्रों से आए समाजजनों के बीच सांसद सुनील सोनी भी पहुंचे। उन्होंने समाज द्वारा की गई पहल को सामाजिक एकता के लिए उपयोगी बताया। टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में दोपहर 2 बजे से शुरू हुए होली मिलन से पहले समाज के बच्चों ने फिल्मी व छत्तीसगढ़ी रीमिक्स गीतों पर प्रस्तुति देते हुए सामाजिक समरसता बढ़ाने आयोजन में शामिल लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

### संतोष रीजन चेयरमैन सुनील बने जोन चेयरमैन




**रायपुर।** लायंस डिस्ट्रिक्ट की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस दुर्ग में रविवार को हुई, जिसमें नवनिर्वाचित गवर्नर लॉयन सुधीर जैन ने 2024-25 के लिए संतोष गुप्ता को रीजन चेयरमैन एवं लायन सुनील गुप्ता को जोन चेयरमैन नियुक्त किया है। दोनों लायंस क्लब रायपुर सीनियर के पदाधिकारी हैं। उनकी नियुक्ति पर लॉयन डॉ. निरंजन हरितवाल और लॉयस क्लब के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## रायपुर-दुर्ग संभाग के अधिकांश जिलों को भीषण गर्मी में मिलेगा निस्तारी के लिए पानी

# गांवों के सूखे तालाब भरने बांधों से 20 दिनों तक छोड़ेंगे पानी, अंतिम छोर रह जाएगा सूखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के सूखने से लोगों को निस्तारी के पानी की दिक्कत होने लगी है। प्रदेश के ज्यादातर बड़े बांधों में जल भंडारण में गिरावट दर्ज की गई है। जबकि भीषण गर्मी के चलते गांवों के तालाब सूखने लगे हैं और निस्तारी के लिए दबाव बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों के लगातार दबाव के बाद बांधों से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा गया है। भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने जिला प्रशासन ने पहल की है। शहर और गांवों के सूखते तालाबों को भरने और गिरते भूजल स्तर में सुधार लाने के लिए धमतरी समेत प्रदेश के चार जिलों के लिए गंगरेल बांध से निस्तारी पानी छोड़ा गया है। अगले 20 दिनों तक समीक्षा कर पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है।

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी स्थित रविशंकर जलाशय से तीन चरण में 1 अप्रैल को 700 क्यूसेक, 2 अप्रैल को 1400 क्यूसेक और 3 अप्रैल को 3000 क्यूसेक पानी रूद्री बैराज में छोड़ा गया, तो उधर बेमेतरा, बालोद, दुर्ग जिले में दबाव बनने पर तांदुला बांध से 850 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। खरखरा से 250 व मटियामोती से छोड़ा 115 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रायपुर-दुर्ग दोनों संभागों के गांवों में तालाबों के सूखने की शिकायत लगातार आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी के लिए पानी छोड़ा जा रहा है।

चर्चा यह भी है कि सभी बड़े बांधों से तालाबों के अनुमान के हिसाब से पानी छोड़ा गया है। यहां से महानदी मुख्य नहर में पानी जा रहा है, जल्द ही सहायक नहरों से शहर व गांवों के तालाबों में निस्तारी पानी पहुंचेगा। पानी छोड़े जाने से बालोद, रायपुर, धमतरी और बलौदाबाजार जिले के तालाबों को फायदा मिलेगा।




### अभी और उठ सकती है पानी की मांग

बताया गया है कि दुर्ग, बेमेतरा, बालोद जिले में 900 के करीब तालाब हैं। गंगरेल से छोड़ा गया 1400 क्यूसेक पानी अभी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाया है। माना जा रहा है कि अभी और पानी की मांग उठ सकती है। धमतरी जिले के 222 गांवों 350 तालाबों में पानी भरा जाना है। बलौदाबाजार परिक्षेत्र में नहरों के दायरे में आने वाला गांवों में 6 हजार के करीब तालाब हैं। अभी भी वहां 30 प्रतिशत कम तालाब भरे हैं।

### 20 दिनों तक निस्तारी के लिए देंगे पानी

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार 20 दिनों तक निस्तारी पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है, ताकि गिरते भूजल स्तर की सेहत सुधर सके। धमतरी जिले में गंगरेल में अभी 12 टीएमसी से अधिक जलभराव है। इसमें 7 टीएमसी से अधिक उपयोगी जल के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। वहीं मुरुमसिल्ली में अभी 2.348 टीएमसी, दुधावा में 1.949 टीएमसी और सोंदूर में 2.794 टीएमसी पानी हैं। रूद्री बैराज से जो पानी छोड़ा गया है, उसमें से 421 क्यूसेक पानी नगर निगम रायपुर के उपयोग के लिए है। धमतरी नगर निगम के लिए 25 क्यूसेक पानी और 252 क्यूसेक बीएसपी के उपयोग के लिए भी होगा।

### दोनों सभागों में मॉनिटरिंग

उधर बांधों से पानी छोड़ने के बाद मारामारी की स्थिति से बचने जल संसाधन विभाग ने निगरानी शुरू कर दी है। मॉनिटरिंग करने मैदानी अमले को सक्रिय किया गया है, जिससे अंतिम छोर के गांवों को भी निस्तारी के लिए पानी मिल सके। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि बांधों में पेयजल के लिए स्टाक सुरक्षित रखा गया है। गर्मी बढ़ने से जलसंकट पैदा हो रहा है, परंतु निस्तारी के लिए जरूरत मुताबिक निर्णय लिए जाने और गांवों में किसी भी तरह की समस्या नहीं होने का विभागीय दावा किया जा रहा है।

# मोदी के बस्तर दौरे से पहले बैज बोले- रोजगार महंगाई पर मौन क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बस्तर प्रवास के पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा और प्रधानमंत्री से पूछा है कि आदिवासी समाज का 32 प्रतिशत आरक्षण 15 महीने से राजभवन में भाजपा ने क्यों बंधक बनाया हुआ है? आदिवासी समाज को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। प्रधानमंत्री बताएं कि वे आदिवासी समाज से किस बात का बदला निकाल रहे हैं? उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के समय मोदी ने बस्तर की जनता से कहा था, नगरनार इस्पात संयंत्र का विनिवेशीकरण नहीं होगा। आज तक दीपम की वेबसाइट पर नगरनार विनिवेशीकरण किए जाने वाले संस्थानों में क्यों शामिल है? भाजपा की बदनीयती इससे सामने आती है। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव के बाद अब इस अन्याय काल का अंत निकट है। देश के लोग इस सरकार को उखाड़ फेंकने तैयार हैं। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पांच न्याय की गारंटी के माध्यम से देश और लोगों के हालात बदलेगी।



■ आदिवासियों से किस बात का बदला निकाल रहे पीएम मोदी

### बैज के मोदी से सवाल

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पीएम मोदी के दस साल के वादे आज भी अधूरे हैं। देश के 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार क्यों हैं? 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? हर परीक्षा का पेपर लीक क्यों होता है? कॉर्पोरेट का 16 लाख करोड़ माफ हो गया, लेकिन किसान कर्ज से आत्महत्या क्यों कर रहे हैं?

किसानों की आय दोगुनी कब होगी, उनको एमएसपी की सुविधा कब मिलेगी? देश के संसाधनों में दलित, पिछड़े, आदिवासी,अल्पसंख्यक और गरीब सवर्णों की उचित भागीदारी क्यों नहीं है? महंगाई आज चरम पर क्यों है? महिलाओं के साथ अत्याचार क्यों बढ़ रहे हैं?

# टैंकर की डिमांड बढ़ने से पहले निगम ने 12 हजार घरों में दिए नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी में टैंकर की डिमांड बढ़ने से पहले ही बिरगांव निगम ने 8 पुरानी एवं 5 नई टंकियों से 12 हजार से ज्यादा घरों में नल कनेक्शन शुरू कर दिए हैं। यह पहल किराए के टैंकर का खर्च बचाने के लिए की गई है। अब अप्रैल में ही ट्रांसपोर्ट नगर में बनकर तैयार एक नई पानी टंकी को और शुरू करने की तैयारी है। इसे शुरू करने से एक हजार से ज्यादा नए कनेक्शन धारकों को नल से पानी मिल सकेगा। अभी निगम अपने ही टैंकर से डिमांड पूरी कर रहा है। बिरगांव निगम ने 40 वार्डों में हर घर नल कनेक्शन देने की मुहिम तेज की है। अभी तक बिरगांव, उरकुरा, रावांभाठा और उरला में निगम ने 8 में से 5 नई टंकियों से लोगों को नल कनेक्शन दिए हैं। गर्मी में पानी की डिमांड बढ़ने से पहले ही पुरानी और नई टंकियों मिलाकर 13 टंकियों से 12 हजार से ज्यादा परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए हैं। प्राप्त 15 हजार से ज्यादा आवेदनों में से 12 हजार से ज्यादा घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके बाद भी खारुन नदी से विद्यमान बिरगांव आवर्धन जलप्रदाय योजना के तहत तीन पानी टंकियों को शुरू करना अभी बाकी है। निगम सूत्रों ने बताया कि अप्रैल में ही इनमें से ट्रांसपोर्ट नगर की नई टंकी को भी शुरू करने की तैयारी है। इससे एक हजार से ज्यादा नए कनेक्शन धारकों को जोड़ने का दावा किया जा रहा है।



■ बिरगांव नगर निगम ने जलप्रदाय के तहत बनी 8 में से 5 नई टंकियों से शुरू की सप्लाई

### नल की धार कम होने पर भेज रहे टैंकर

निगम ने जिन क्षेत्रों में नई और पुरानी टंकियों से 12 हजार से ज्यादा घरों में नल कनेक्शन दिए हैं। उनमें से उरकुरा और रावांभाठा सहित बिरगांव के वार्डों में भी फोर्स कम होने की स्थिति को देखते हुए निगम अपने ही 13 टैंकरों से पानी की सप्लाई दे रहा है। यह प्रयास भी किया जा रहा हे कि एजेंसी के टैंकर का उपयोग करने की स्थिति बनने से पहले ट्रांसपोर्ट नगर की नई टंकी को शुरू किया जाए। ऐसा होने से पानी की किल्लत कम होगी और टैंकर से पेयजल आपूर्ति के लिए तय 80 लाख का फंड भी बचेगा।

### विकल्प के लिए एजेंसी के टैंकर

विकल्प के तौर पर एजेंसी के टैंकर हैं, इनका इस्तेमाल करने की स्थिति अभी तक नहीं बनी है। बचने के लिए 8 नई टंकियों में से 5 को शुरू किया गया है। अप्रैल में ट्रांसपोर्ट नगर की एक और टंकी शुरू करने की तैयारी है। इससे एक हजार नए कनेक्शन जुड़ेंगे।

**- इकराम अहमद,** प्रभारी, जलकार्य विभाग, ननि बिरगांव

# जहां डायरिया फैला, वहां नजदीक ही बोर, सोसाइटी ने की आपत्ति

■ आदर्श संकल्प सोसायटी से 300 मीटर के दायरे में नया बोरवेल खनन
■ पाइपलाइन बिछाकर पानी आपूर्ति की तैयारी कर रहा निगम अमला
■ सोसायटी के पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी इलाके में स्थित आदर्श संकल्प सोसायटी में सीवरेज का दूषित पानी बोरपंप में मिलने से 100 लोगों के डायरिया संक्रमण का मामला सामने आया था। अब निगम प्रशासन ने प्रभावित इलाके के रहवासियों को साफ पानी मुहैया कराने 300 मीटर के दायरे में नया बोरवेल खनन के लिए जगह चिन्हांकित की है।

बोरवेल खनन स्थल को लेकर सोसायटी के रहवासियों ने ऐतराज जताया है। अध्यक्ष सूरज यादव का कहना है, नगर निगम के अधिकारी जिस जगह पर सोसायटी के लिए बोरवेल खनन करा रहे हैं, वहां से गांव का गंदा पानी कच्ची नाली से होकर बहता है। ऐसे में सीवरेज का गंदा पानी दोबारा जलस्त्रोत को दूषित कर सकता है, इसलिए बोरवेल खनन सुरक्षित जगह कराया जाए। लभांडी इलाके की आदर्श संकल्प सोसायटी में होली से पूर्व बोरेवल के पानी में सीवरेज का पानी रिसने से डायरिया फैलने के बाद पानी सैंपल में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलते ही सोसायटी के 2 बोरवेल सील कर दिए गए थे। साथ ही इन बोरवेल के पानी पीने से मना किया गया। नगर निगम जोन-9 द्वारा निगम आयुक्त के निर्देश पर संबंधित इलाके में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए नया बोरवेल खनन कराया जा रहा है, पर बोरवेल खनन के लिए चयनित नए स्थल को लेकर सोसायटी ने ऐतराज जताया है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित इस आवासीय परिसर में 26 ब्लाक में 324 परिवार निवासरत हैं। 2 साल पहले भी यहां डायरिया फैला थाख उस समय दूषित पानी पीने से 58 लोग डायरिया के शिकार हुए, इनमें 2 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद भी निगम प्रशासन वहां सीवरेज के लिए अलग से व्यवस्था नहीं करा पाया है। अभी भी वहां के रहवासी ग्राउंड वाटर पर निर्भर हैं।




**जनहित याचिका दायर पर विचार**

*कॉलोनी की निवासी अधिवक्ता आरती शर्मा ने बताया, आदर्श संकल्प सोसायटी की पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो जनहित याचिका लगाकर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई की मांग करेंगे।*

### ब्लाक के पास के सेप्टिक टैंक हटाने की मांग

आदर्श संकल्प सोसायटी फेज परिसर में रविवार को यहां के रहवासियों की बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष सूरज यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में डायरिया से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने, ब्लाक नंबर 5 के रहवासियों ने सेप्टिक टैंक को वहां हटाने की मांग की। बैठक में आदर्श संकल्प सोसायटी फेज-2 के रहवासियों के लिए पीने के पानी की स्थायी व्यवस्था करने, आदर्श संकल्प सोसायटी से लेकर ब्रह्मदेव नगर छोकरानाला तक गंदे पानी के निकास के लिए नाला बनाने की मांग की। सोसायटी के सचिव सहदेव ने कहा कि पानी की समस्या दूर नहीं हुई तो कॉलोनीवासी सड़क पर उतरेंगे। बैठक में अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष सातो पनका, सचिव सहदेव सोनी, कोषाध्यक्ष आलेख बाग सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

■ जिला अस्पताल परिसर में चिकित्सकों को आवास सुविधा का मामला

# इमरजेंसी पर तत्काल अस्पताल पहुंचने वाले डॉक्टरों की आवास सुविधा में लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इमरजेंसी होने पर तत्काल मरीज के इलाज के लिए अस्पताल में डॉक्टरों की मौजूदगी के लिए जिला अस्पताल में बनाई गई आवास योजना काफी लेट हो चुकी है। करीब तीन साल पहले बनाई गई इस योजना के तहत भवन तो तैयार कर लिया गया है, मगर अभी तक एक भी चिकित्सक वहां शिफ्ट नहीं हो पाए हैं।

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में सेवा देने वाले चिकित्सकों को परिसर में ही आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करीब तीन साल पहले आवास योजना तैयार की गई थी। योजना को मंजूरी मिलने के बाद वहां काफी लंबी प्रक्रिया के बाद आवास का निर्माण किया गया था। भवन निर्माण हुए करीब आठ माह से अधिक समय गुजर चुका है, मगर आवंटन होने के बाद भी कोई भी चिकित्सक वहां अब तक वहां शिफ्ट नहीं हो पाया है। सूत्रों के अनुसार सीजीएमएससी के माध्यम से बनाए गए इस आवास में बिजली फिटिंग सहित कुछ मूलभूत सुविधाएं जुटाने के काम पूरा नहीं हो पाया। वहीं कुछ चिकित्सकों को भवन के पीछे बने कुछ घरों को लेकर आपत्ति है। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है, मगर अब तक इसके समाधान के लिए अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

### कई तरह की दिक्कत

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक शहर के विभिन्न स्थानों में रहते हैं। ओपीडी के बाद सीनियर ऑन कॉल ड्यूटी पर रहते हैं, मगर किसी तरह की आपात स्थिति होने पर अस्पताल में उनकी जरूरत होती है तो समय पर पहुंचने में उन्हें विलंब हो जाता है और इसके लिए कई तरह के बहाने भी बनाए जाते हैं।




### आठ चिकित्सकों के लिए आवास

जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में चिकित्सकों के लिए जो आवास तैयार कराए गउ है, उसमें चार भूतल और चार क्वार्टर प्रथम तल पर स्थित हैं। इस भवन का उपयोग अभी शुरू नहीं किया जा सका है। दूसरी ओर स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन जैसे स्टाफ को अस्पताल परिसर में ही रहने के लिए सुविधा पहले ही दी जा चुकी है।

# राशनकार्ड हितग्राहियों के खाद्यान्न की पात्रता में बदलाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व सरकार के मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिकता राशन कार्डधारियों की मासिक खाद्यान्न पात्रता 7 किलो से घटाकर 5 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह किए जाने संबंधी जानकारी सोशल मीडिया के जरिये दी गई है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा जारी नवीन राशनकार्ड के अंतिम पृष्ठ पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा प्राथमिकता राशन कार्डधारियों के लिए निर्धारित मासिक खाद्यान्न पात्रता 5 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह की जानकारी प्रदर्शित की गई है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के वर्ष 2013 से लागू होने के बाद आज तक यथावत बनी हुई है। राज्य में पीडीएस के अंतर्गत प्राथमिकता राशन कार्डधारियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार से प्राप्त चावल में राज्य के अतिरिक्त आवंटन को जोड़कर एक सदस्य वाले कार्डधारी को 10 किलो, 2 सदस्य वाले कार्डधारी को 20 किलो, 3 से 5 सदस्य वाले कार्डधारी को 35 किलो तथा 5 से अधिक सदस्य वाले प्राथमिकता कार्डधारी को 7 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह निशुल्क चावल वितरण किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा प्राथमिकता राशन कार्डधारियों के लिए खाद्यान्न की पात्रता में वर्तमान में कोई बदलाव या कमी नहीं की गई है तथा सभी प्राथमिकता राशन कार्डधारियों को उपरोक्त पात्रतानुसार निशुल्क चावल का वितरण उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### मां कर्मा जयंती पर महाभंडारा में हजारों लोग हुए शामिल

**रायपुर।** मां कर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज और नया सवेरा जनकल्याण समिति छत्तीसगढ़ द्वारा श्रीराम थोक सब्जी मंडी डूमरतराई में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले समिति के सदस्यों और समाज के लोगों ने माता कर्मा देवी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। साथ ही आरती के साथ प्रसादी भोग लगाया। इस मौके पर समाज के लोगों ने बताया कि जंयती पर्व का दूसरा वर्ष रहा और भंडारे का तीसरा साल है। कार्यक्रम में मंडी के सदस्यों के अलावा डॉ. रितेश साहू, राजेंद्र साहू, गज्जू दाऊ, मोहित, प्रीतम दास, सेवक, लालू, राजा, हर्ष, अनिल लखू, सुशील साहू, सुरजीत साहू, राजा निर्मलकर, चेतन साहू, गिरिश साटोने, विक्की, आरिफ, एकमात्र महिला सदस्य सोनिया साहू आदि का भरपूर सहयोग मिला।

### परिवहन व्यवस्था के लिए अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार मतदान के दौरान मतदान केंद्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उसके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिला स्तर पर संगीता सिंह उप संचालक समाज कल्याण विभाग को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

### द्रोणिका के असर से बदला मौसम, हुई बारिश

**नर्रा।** क्षेत्र में चक्रवात द्रोणिका के असर से अचानक मौसम में बदलाव आ गया है। रविवार प्रातः 9 बजे हवाओं के साथ हल्की बौछार पड़ी। इसके बाद दिन में भी बादल छाए रहे और धूप छाव का दौर चलता रहा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वही रविवार रात में बारिश शुरू हुई और थम गई। सोमवार अलसुबह गरज चमक एवं हवाओं के साथ रुक-रुककर बारिश होती रही। मौसम में बदलाव के वजह से दिनभर ठंडी हवाएं चलने से गर्मी से राहत मिली और मौसम में बदलाव होने से तापमान में गिरावट आई। मौसम बदलाव व बारिश से सब्जी की फसलों पर प्रभाव पड़ा।

# रायपुरा के बघवा तालाब का 25 साल बाद गहरीकरण, पांच फीट तक निकाली गाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब का गहरीकरण करने सालों बाद नगर निगम ने अब जाकर सुध ली है। गहरीकरण और सफाई के दौरान 5 फीट तक की गाद बाहर निकाली गई। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि रायपुरा की आधी बस्ती के अलावा यादव पारा के लोग वर्षों से इस पारंपरिक तालाब का निस्तारी के लिए उपयोग करते आ रहे हैं, पर तालाब की सफाई और गहरीकरण उनकी जानकारी में पहली बार हो रहा है। तालाब को सुरक्षित रखने चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनाएंगे। साथ ही लोगों के आने-जाने की सुविधा के लिए पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। तालाब गहरीकरण, सफाई और सौंदर्यीकरण में ढाई करोड़ रुपए खर्च होंगे। नगर निगम के जोन-8 क्षेत्र के माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा बस्ती स्थित बघवा तालाब में कई साल से जमा कूड़ा-करकट, प्लास्टिक पॉलिथीन और गंदगी के साथ ही 5 फीट जमी सील्ट साफ करने मैनुअल तरीके से व मशीन लगाकर सफाई कराई जा रही है। निगम मुख्यालय से इस कार्य के लिए 2.50 करोड़ का टेंडर कर स्थानीय ठेकेदार को अनुबंधित किया गया है। तालाब का गंदा पानी बाहर निकालकर इसका गहरीकरण कराया जा रहा है। सालों बाद बघवा तालाब की सफाई और गहरीकरण कार्य की मॉनिटरिंग निगम मुख्यालय के माध्यम से की जा रही है। तालाब के आसपास प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी असुविधा होती थी।

अलग खबर

## लैंडस्केपिंग, पेवर ब्लाक, तालाब के चारों ओर बनेगी बाउंड्री



### तालाब में गोबर और गंदगी

3.5 एकड़ क्षेत्र में फैले रायपुरा के पारंपरिक बघवा तालाब में आसपास की डेयरी के मवेशी जाने से पानी के भीतर भारी मात्रा में गोबर और गंदगी जमे हुए हैं। प्रोजेक्ट से जुड़े निगम के अधिकारियों का कहना है, पिछले 6 माह से तालाब की सफाई और गहरीकरण का काम कराया जा रहा है। गंदगी बाहर निकालकर नए सिरे से इसमें साफ पानी भरा जाएगा। बारिश से पहले तालाब की सफाई का काम पूरा कराने की तैयारी है। जरूरत पड़ी तो ग्रामवासियों से सहयोग लेकर पारंपरिक सरोवर संरक्षित करने आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## बड़े कबाड़ी आउटर में यार्ड बनाकर छोटे कबाड़ियों को दे रहे प्रश्रय

# कबाड़ में रेलवे का लोहा भी, न चोरी रुक रही और न खरीदारी, हर माह 40 करोड़ से ज्यादा का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चोरी के लोहे के साथ कबाड़ खरीदने वाले कबाड़ियों के खिलाफ नियमित कार्रवाई नहीं होने की वजह से शहर समेत जिले में कबाड़ी जाल बिछाकर बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहे हैं। कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस की नियमित जांच नहीं हो पाती है। खास अवसरों पर ही जांच होती है और फिर मामला ठंडा, इसलिए कबाड़ की आड़ में कुछ कबाड़ी सरकारी लोहा भी बेखौफ खरीद-बेच रहे हैं। मंदिर हसौद के साथ धरसींवा, उरला, आमानाका, कबीर नगर इलाके में कई ऐसे कबाड़ी हैं, जो राज्य के दूसरे शहरों के अलावा पड़ोसी राज्य के कबाड़ियों से थोक के भाव में कबाड़ खरीदने का काम कर रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि शहर में ही हर माह 40 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो रहा है।

■ कबाड़ियों की संख्या साढ़े चार सौ के करीब, इनमें से सौ बड़े कारोबारी

गौरतलब है कि एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर 44 कबाड़ियों के ठिकानों में दबिश देकर एक करोड़ रुपए के कबाड़ तथा 17 वाहन जब्त करने की कार्रवाई की है। इनमें से कई कबाड़ियों के खिलाफ पुलिस ने चोरी के माल खरीदने के साथ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। कहा जा रहा है कि जब्त कबाड़ में रेलवे का लोहा भी है।

एक कबाड़ी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि छोटे कबाड़ियों को कबाड़ खरीदी करने बड़े कारोबारी आर्थिक मदद देते हैं। बड़े कबाड़ी छोटे कबाड़ियों को कबाड़ खरीदने एडवांस में रकम देते हैं। बड़े कबाड़ियों से मिले पैसों में से कुछ रकम से छोटे कबाड़ी फेरी लगाकर कबाड़ खरीदने काम करते हैं। इस तरह के कबाड़ियों का एक बड़ा नेटवर्क कबाड़ खरीदने के धंधे में जुटा हुआ है।



फाईल फोटो

### जारी रहेगी कार्रवाई

कबाड़ की आड़ में सरकारी संपत्ति, रेलवे ट्रैक के लोहे के साथ चोरी का लोहा, वाहन काटकर खरीदी-बिक्री करने वाले कबाड़ियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। शनिवार को जिन कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें से कई कबाड़ियों के ठिकानों से सरकारी संपत्ति के साथ रेलवे ट्रेक का टुकड़ा जब्त किया गया है।

- **संतोष सिंह,** एसएसपी रायपुर

### बड़े कबाड़ियों का ठिकाना आउटर में

लार्ज स्केल पर कबाड़ का काम करने वाले ज्यादातर बड़े कबाड़ियों ने अपना ठिकाना आउटर में बनाया है। आउटर में ठिकाना होने की वजह से इन पर पुलिस की नजर नहीं पड़ती। इसके अलावा बड़े कबाड़ी लोहा उद्योग के आसपास अपना ठिकाना बनाकर कबाड़ खरीदने का काम करते हैं। यहां से उन्हें कबाड़ निकालने में सहूलियत होती है। अनुमान के मुताबिक छोटे कबाड़ी हर माह चार से पांच लाख रुपए कबाड़ का काम कर लेते हैं, जबकि बड़े कबाड़ियों का टर्नओवर 20 से 25 करोड़ रुपए का है। जिले में छोटे-बड़े मिलाकर साढ़े चार सौ के करीब कबाड़ी हैं। इनमें से सौ बड़े तथा साढ़े तीन सौ के करीब छोटे कबाड़ी हैं। छोटे-बड़े कबाड़ियों का हर माह का कारोबार 40 करोड़ रुपए से ज्यादा का है।

### इन क्षेत्रों में संचालित कबाड़ का कारोबार

पुलिस रिकार्ड के मुताबिक कबाड़ का काम करने वाले ज्यादातर बड़े कबाड़ी मौदहापारा, विधानसभा, उरला, खमतराई, धरसींवा, आमानाका, मंदिर हसौद, तिल्दा इलाके में किराए पर यार्ड लेकर कारोबार संचालित कर रहे हैं। एसएसपी ने सभी थानों के टीआई को चोरी के कबाड़ खरीदने वालों को चिन्हांकित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# सामने आए और छह नेक इंसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलों को समय पर उपचार नहीं मिलने की वजह से मौत हो जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटंस (नेक इंसान) को पिछले महीने से एसएसपी के निर्देश पर सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मार्च महीने में घायलों की मदद करने वाले छह नेक इंसानों को एसएसपी ने अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित करने के साथ प्रमाणपत्र प्रदान किए। साथ ही जिन छह लोगों को सम्मानित किया गया, उनकी फोटो प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाई गई है। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए आधे घंटे का समय गोल्डन टाइम रहता है, इस अवधि में घायल को मदद मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है। मनोहर वरवानी, जसबीर सिंह, हितेश साहू, ढिलेंद्र कुमार सेन, रोमा राय कुर्रे, सोनाराम बंजारे को सम्मानित किया गया।

### एसएसपी बने 'गुड सेमेरिटंस'

शुक्रवार को एसएसपी संतोष सिंह अपने परिवार के साथ शाम के समय निकले थे, इस दौरान अवंति विहार के पास सड़क दुर्घटना में विवेक तिवारी गंभीर रूप से घायल होकर बीच सड़क पर तड़प रहा था। भीड़ देख एसएसपी ने अपनी कार रुकवाई। जहां उन्होंने देखा कि बीच सड़क पर गंभीर रूप से घायल युवक पड़ा हुआ है। तब एसएसपी ने कार से अपने परिवार को नीचे उतारा और घायल को अपनी कार से उपचार के लिए अस्पताल रवाना कर अपने लिए दूसरी कार मंगवाई।

# भगवान श्रीराम का पाठ करने से भी प्रसन्न होती हैं मां दुर्गा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। यहां चंदखुरी गांव में माता कौशल्या का मंदिर भी है, जिसमें उन्होंने भगवान श्रीराम को गोद में लिया हुआ है। रायपुर का संबंध भगवान श्रीराम से होना भी अपने आप में बहुत महत्व रखता है। भगवान श्रीराम के पाठ करने से भी माता दुर्गा प्रसन्न होती हैं, क्योंकि भगवान श्रीराम ने माता दुर्गा को प्रसन्न किया था और जब रावण से युद्ध आरंभ हुआ था, तब भगवान श्रीराम ने मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ किया था, जिसमें उन्होंने 100 कमलों की आहुति देने का प्रण किया था, लेकिन राक्षसी माया से उसमें से एक कमल गायब हो गया। इसकी पूर्ति करने के लिए भगवान श्रीराम ने अपनी एक आंख को हवन में आहुति देने के लिए प्रस्तुत किया, तब माता दुर्गा प्रसन्न हो गईं और उन्हें विजय का वरदान दिया। माता दुर्गा और भगवान श्रीराम के उत्कीलन महामंत्र से संसार की कोई भी बाधा ऐसी नहीं है, जो समाप्त न हो। ये उद्गार महाब्रह्मर्षि श्रीकुमार स्वामी ने श्रीनगर स्थित मारुति मंगलम भवन में आयोजित होने प्रभु कृपा दुख निवारण समागम में श्रद्धालुओं से खचाखच भरे पंडाल में समागम के दूसरे दिन व्यक्त किए।



# प्रेरणा को गिफ्ट, सीनियर सिटीजंस को फल

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र महोत्सव के अवसर पर सिंधु शक्ति संस्था के सदस्य रविवार को हीरापुर स्थित प्रेरणा मूक-बघिर आश्रम में पहुंचे, जहां पर उन्होने वहां की दिव्यांग बच्चियों को आवश्यक सामग्री वितरित की, जिसमें, फल-फ्रूट, चिप्स-बिस्कुट, चॉकलेट, माईक-साऊंड सिस्टम दिया गया। इस दौरान आश्रम की बच्चियों ने भगवान झूलेलाल को यादकर आराधना की और उनका गुणगान किया और खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में बालिकाओं ने भजन और राज्यगीत भी गाया। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक किशोर आहूजा, अध्यक्ष मनोज डेंगवानी, वरिष्ठ समाज सेवी भरत बजाज, मुखी गुरनामल रोहरा, अनेश बजाज, अजीत वाधवानी, भरत पमनानी, विकास मोटवानी, अनिल राघवानी, विनोद टेकवानी, संजय रामानी, राकेश डेंगवानी सहित अन्य कई लोग शामिल हुए।

■ आश्रम में जरूरत की सामग्री वितरित



# राजधानी की 134 झुग्गी बस्तियों में मनाएंगे बाबा आंबेडकर जयंती

**रायपुर।** आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री, भारत रत्न डॉ बीआर अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था डॉ अंबेडकर अधिकार मंच द्वारा सात दिवसीय 7 से 14 अप्रैल तक अंबेडकर जन्म सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी शुरुआत रविवार को राजधानी के घड़ी चौक स्थित बाबा साहब अंबेडकर के आदम कद कांस्य प्रतिमा में माल्यार्पण कर शुरुआत की गई। इस मौके पर अंबेडकर जन्म सप्ताह कार्यक्रम 2024 के संयोजक अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डॉ अंबेडकर के विचार और उनके मूल-मंत्र शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो के संदेश को घर-घर तक, समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम छोर तक पहुंचाना है। इसी दौरान कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता श्री नायक ने जिलाध्यक्ष आशीष तांडी को अंबेडकर जन्म सप्ताह कार्यक्रम का मुख्य प्रभारी, जितेंद्र नायक और बिट्टू क्षत्रि को सह प्रभारी नियुक्ति किया। इसी तरह बाबासाहेब अंबेडकर की 134 वीं जयंती 134 झुग्गी बस्तियों में मानने मोहल्ला प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।



## पेज 9 के शेष

### स्वयंसेवक संघ ने...

वर्ष में पंच परिवर्तन के उद्देश्य के साथ समाज में कार्य करेगा, जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य बोध इन पांच आयामों पर संघ आगामी वर्ष पर कार्य करने वाला हैं। उन्होंने उपस्थित समाज के गणमान्य नागरिक और मातृ शक्तियों को भी आग्रह किया कि जीवन में इन विषयों का अनुकरण कर अन्य को भी इस हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, मातृ शक्ति सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### सभी विषयों में...

इसके लिए सही सोर्स का यूज करें। अपने मित्रों व अन्य शिक्षक, पालक आदि से सहायता अवश्य लें तथा अपने संदेह दूर करें। उन प्रेरक व्यक्तियों का अनुसरण करते रहें तथा सानिध्य प्राप्त करें। कक्षा में आपके द्वारा सीखी गई विषय सामाजिक सामग्री को दैनिक जीवन तथा प्रकृति के नियमों के साथ जोड़ें या सह संबंधित करें। इससे विजुलाइजेशन बनाने में मदद मिलती है, जो भविष्य में प्रश्नों को हल करने में मदद करती है। कृष्णान कुमार मेनन ने कंपनी में प्लेसमेंट के बारे में बताया तथा लॉजिकल रीजनिंग के क्वेश्चन पूछ कर बच्चों को लाइफ का असली मीनिंग समझाया। उन्होंने फैमिली को द यूनिट ऑफ लाइफ कहा और उन्होंने कहा कि सभी आदमी इंपॉर्टेंट होते हैं तथा वह किसी एक फील्ड में ही बेहतर कर सकते हैं। इस दौरान बच्चों ने प्रश्न भी पूछे जिसका आंसर उन्हें सरल और सहज तरीके से मिला।

### 120 लीटर महुआ...

कच्ची महुआ होना बताया। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को धारा 34,2, 59 क आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### लोभ, लालच से ...

ली। एक–एक वोट से सरकार बनती है। मतदान की तिथि 7 मई को सभी अपना वोट दें। इस अवसर पर जिले के बिहान समूह की महिलाओं ने धार्मिक आयोजन में उपयोग किए जाने वाले कई दीपों से सजे कलश के ईद–गिर्द सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन और व्यवस्था समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी और सीईओ संजू पटेल द्वारा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाता उपस्थित थे।

# खल्लारी दर्शन के लिए नहीं करनी होगी सीढ़ियों की चढ़ाई, शुरू हुआ उड़न खटोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/बागबाहरा

चैत्र नवरात्र की शुरुआत के साथ छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध माता तीर्थ शक्तिपीठ खल्लारी माता पहाड़ी पर विराजित खल्लारी माता के दर्शन के लिए अब भक्तों को सीढ़ियों की चढ़ाई नही करनी होगी।

श्रध्दालुओं के लिए यह काफी राहत देने वाली खबर है कि अब रोप-वे (उड़न खटोला) की सुविधा की शुरुआत सोमवार से ही कर दी गई। बता दें कि खल्लारी माता दर्शन के लिए चैत्र नवरात्र प्रारंभ होते ही भीड़ उमड़ेगी और श्रध्दालुओं को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा। उन्हें अब हजार से ऊपर सीढ़ियां चढ़नी नहीं पड़ेगी और उड़न खटोले रोपवे के माध्यम से वे माता के दर्शन आसानी से कर पाएंगे।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के द्वारा खल्लारी माता मंदिर के इस रोपवे के लिए भगीरथ प्रयास किया गया था, जिसे सफलता मिली है अब वह आमजन सामान्य के लिए प्रारंभ हो चुका है।

### मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने दिलाई शपथ

**रायपुर।** रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह और निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के कलर्स मॉल परिसर में जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल द्वारा नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों सहित मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने सामूहिक शपथ दिलाई गई।

7 मई को रायपुर लोकसभा निवार्चन क्षेत्र में होने जा रहे मतदान में मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करने लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिये मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने अपील की गई। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम के 10 जोन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## जहां पायलेट प्रोजेक्ट, सिर्फ वहीं होंगे प्रवेश

# इस वर्ष भी प्रारंभ नहीं हो सकी बाल वाटिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि इस बार भी जिले में पायलट प्रोजेक्ट वाले स्कूलों को छोड़कर शेष स्कूलों में बाल वाटिका प्रारंभ नहीं होगी। रायपुर में तीन केंद्रीय विद्यालय हैं। इनमें से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 अर्थात डीडी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में बाल वाटिका बीते सत्र में प्रारंभ की गई थी। उस दौरान अन्य केंद्रीय विद्यालयों में भी सत्र 2024-25 से बाल वाटिक प्रारंभ करने की बात कही गई थी, लेकिन इस वर्ष भी यह योजना शुरू नहीं हो पाई है।

बाल वाटिका प्रारंभ किए जाने के पूर्व तक केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रारंभिक कक्षा पहली कक्षा थी। अब प्रवेश के लिए प्रारंभिक कक्ष बाल वाटिका हो गई है। शेष कक्षाओं में पिछली कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को ही दाखिला दिया जाता है। किसी विद्यार्थी द्वारा स्कूल छोड़ने के कारण सीट रिक्त होने की स्थिति में ही नवीन छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

■ इसके पूर्व केवी में प्रवेश के लिए पहली कक्षा थी प्रारंभिक कक्षा




### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रावधान

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके पूर्व छात्रों को तीन वर्ष नर्सरी कक्षाओं में अध्ययन करना होगा। नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 की तर्ज पर ही केवी में बाल वाटिका-1, 2 और 3 की शुरुआत की गई है। सत्र 2023-24 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे देशभर के चुनिंदा विद्यालया में लागू किया गया। इनमें से एक डीडी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय भी रहा। सूत्रों के अनुसार, बजट संबंधित दिक्कतों के कारण इसे अन्य स्कूलों में प्रारंभ नहीं किया जा सका है।

### बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं

बाल वाटिका के लिए स्कूलों को विशेष रूप से कक्षाएं आरक्षित रखनी होंगी। इन कक्षाओं को बाल मनोविज्ञान के अनुसार डिजाइन किया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए खिलौनों सहित ऐसी चीजें भी होंगी, जिनके माध्यम से वे खेल-खेल में चीजें सीख सकें। इसके अतिरिक्त कक्षा की दीवारों को भी इसी तर्ज पर सजाया जाना है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कई तरह के बदलाव केवी में भी किए जा रहे हैं। इस कड़ी में सीट संख्या को पहले ही 40 से घटाकर 32 कर दिया गया है।

**न्यायालयः व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो भटगांव, राजस्व जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

प्रो. क्रमांक-285/24
व्यवहार वाद क्रमांक-31अ / 24
पेशी तारीख - 19.04.2024

सेवक वगै. ..............वादीगण

**बनाम**

आम जनता .........प्रतिवादीगण

यह कि वादीगण ने इस न्यायालय में एक व्यवहार वाद वास्ते सिविल मृत्यु घोषित किये जाने बाबत प्रतिवादीगण के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है, जो कि वादीगण के द्वारा ग्राम ठाकुरदिया तहसील भटगांव जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. में स्थित वाद भूमि जिसका कुल खसरा नं. 5 का रकबा 0.2630 हे. भूमि के संविदा का विशिष्ट अनुपालन का मामला प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले की सुनवाई पेशी दिनांक 19.04.2024 को दिन 10.30 बजे इस न्यायालय में होगी।

आप आम जनता को इस मामले में अपना पक्ष रखना होगा या कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी तारीख को स्वयं या किसी अधिकृत व्यक्ति या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता हैं और अगर नियत पेशी तारीख को आप लोगों के द्वारा कोई आपत्ति नहीं किया जाता है, तो आप लोगों के विरूद्ध में एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

**नोट**– यदि किसी कारणवश नियत पेशी दिनांक को अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 30/03/2024 को न्यायालय के मुहर व मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

**के .एम. शर्मा**
**व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2**
**भटागांव जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

# महिला सशक्तिकरण के बिना परिवार और समाज का विकास नहीं हो सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर भटगांव के यादव भवन में रायगढ़ बलौदाबाजार जिले से अलग होकर बने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के वैष्णव समाज के पुनर्गठन होने के बाद वैष्णव समाज की कार्यकारिणी का गठन हुआ। जहां इस वर्ष भी हजारों की संख्या में विष्णु महायज्ञ, सामूहिक विधवा एवं परित्यक्ता विवाह के साथ 161 बटुकों का उपन्यास संस्कार कराकर हुआ। वैष्णव समाज के महासभा में एक वर्ष पूर्ण होने पर बिलाईगढ़ अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष जितेन्द्र वैष्णव और कार्यकारिणी द्वारा वैष्णव समाज की सामाजिक बैठक के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन नगर पंचायत भटगांव के यादव भवन में हुआ, जिसमें सारंगढ़, कोसीर, बिलाईगढ़, बलौदाबाजार के अलावा शक्ति अंचल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक समस्याओं पर प्रकाश डालकर महिलाओं एवं युवा इकाई के गठन पर विचार किया गया। साथ ही सामाजिक नियमों पर विस्तृत चर्चा की गई।

उक्त महासभा को सारंगढ़-बिलाईगढ़ के जिलाध्यक्ष लखन दास वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार बनाती है, परिवार घर बनाता है, घर समाज बनाता है और समाज ही देश बनाता है। इसका सीधा सीधा अर्थ है कि महिला का योगदान हर जगह है। महिला की क्षमता को नजर अंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है। शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के बिना परिवार, वैष्णव समाज और देश का विकास नहीं हो सकता।

## वैष्णव महासभा के होली मिलन समारोह में अतिथियों ने समाज और देश विकास में महिलाओं की भूमिका गिनाई



### जहां परिवार और समाज संगठित होता है, वहां हमेशा खुशियां

प्रदेश युवा अध्यक्ष एवं जिला महासचिव विश्वनाथ बैरागी ने कहा कि समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका आपकी सोच से कही अधिक महत्वपूर्ण है। युवा महत्वपूर्ण है क्योंकि वें हमारा भविष्य होंगे, जो परिवार और समाज संगठित होता है वहां हमेशा खुशियां और शांति बनी रही रहती है। ऐसा देश तरक्की के नित नए-नए सोपान तय करता है। इसके विपरीत जो परिवार और समाज असंगठित होता है वहां आए दिन किसी न किसी प्रकार की बात पर कलह होते रहती है, जिससे वहां हमेशा अशांति का माहौल बना रहता है। अतः वैष्णव समाज को हमेशा संगठित रहकर कार्य करना होगा। महासभा में लखनदास वैष्णव, विश्वनाथ बैरागी, जितेन्द्र वैष्णव, जगन्नाथ बैरागी, शशिभूषण वैष्णव, खिलेश्वर वैष्णव, चुड़ामणि वैष्णव, घासीदास वैष्णव, कमल वैष्णव, लीलाधर वैष्णव, दिलिप वैष्णव, पारसनाथ वैष्णव, के साथ महिला शक्ति मे नवीन वैष्णव, दीपमाला वैष्णव, ज्योति वैष्णव, मंजू वैष्णव, पार्वती वैष्णव, सहित सैकड़ों वैष्णव समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व वैष्णव समाज के नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### लिपिक संघ का होली मिलन हुआ

भाटापारा। प्रदेश लिपिकवर्गी शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा होली मिलन समारोह तहसील भाटापारा में आयोजित किया गया, जहां पेंशन भवन में लिपिकवर्गीय सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान लिपिकों ने फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में दिलीप सिंह बिसेन मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता पेंशन के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने की और विशेष अतिथि प्रकाश जाधव रहे। कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिला अध्यक्ष संतोष वैष्णव के अलावा मया राम वर्मा, मैकू वर्मा, बांके बिहारी शुक्ला, शैलेंद्र साहू, दुर्गेश्वर साहू, यश कुमार शर्मा, बलदाऊ दास वैष्णव, जितेंद्र मिश्रा, पेखन सिंह ठाकुर, हेमचंद्र रात्रे, प्रेम प्रकाश केसरवानी, सुमित कुमार वर्मा, श्रवण कुमार साहू, मुकेश, हेमराज, लेखराम ध्रुव, अर्जुन लाल यादव, टीकम प्रसाद दुबे, सुषमा साहू, दीपक ठाकुर आदि लिपिक उपस्थित थे।

### बेमचा खल्लारी मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन आज



महासमुंद। ग्राम बेमचा स्थित मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव मनाया जाएगा। 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। नवरात्र के दौरान श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा समय दोपहर 2 बजे 6 बजे प्रतिदिन होगा। इसमें भगवताचार्य स्वर्णिम दीदी वृंदाधाम कृपालु महाराज शिष्य होंगे। वहीं शतचंडी यज्ञ 9 अप्रैल 16 अप्रैल किया जाएगा। समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक है। उक्त जानकारी मां खल्लारी मंदिर के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### मंगल पांडे को बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

महासमुंद। ग्राम खरोरा में देश के स्वतंत्रता संग्राम अमर शहीद मंगल पांडे को बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, बबली चंद्राकर, जया चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## धर्म-कर्म : ग्रामीणों ने रंगोली बनाई और दीप जलाकर सजाये घर-द्वार

# रामायण के समापन पर निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर



भवानीपुर खपरी सहित क्षेत्र में पांच दिवसीय रामायण का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्थानों से मानस मंडली उपस्थित होकर श्रीराम चरित्र मानसगान का बखान करते हुए गीत संगीत के माध्यम से विस्तार पूरक श्रीराम–जानकी का जीवन गाथा बताऐ। अंतिम दिन पं. शेखराम शर्मा, रमेश तिवारी के हवन पूजन कार्यक्रम में ग्रामीण उपस्थित होकर गांव व परिवार की खुशहाली प्रार्थना किए। इसी कड़ी में तुलसी वर्षा व मंत्र उच्चारण करते हुए पूजा पाठ किया गया, जिसमें गांव के लोग बढ़–चढ़कर भाग लिए और एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। कलश यात्रा निकालकर कीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन करते हुऐ गांव के चौक-चौराहा में ग्रामीणों ने उनका आदर सत्कार कर पूजा अर्चना की। गांव में प्रत्येक घर के सामने रंगोली व दीपक जलाकर द्वार सजाया गया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। संध्याकालीन में भोजन भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर सोनु राम साहू, मुकेश झा, दुखू निषाद, दौवाराम, बलराम निषाद, दूजराम, त्रिलोचन यादव, दाऊलाल, रायसिंह ध्रुव, रजरू परदेशी यादव, भीम निषाद, शत्रुघ्न साहू, नरसिंह निषाद, संतोष ध्रुव, रितेश झा, देवेंद्र सेन, पवन साहू, दिलेश ध्रुव, मोतीराम ध्रुव, बोधीराम साहू, ओंकार प्रसाद साहू, मुखीराम साहू, बगश राम ध्रुव, सेवकराम साहू, केशव सिंह ध्रुव, मनी राम यादव, जयराम सिंह ध्रुव, दुखित राम साहू, श्यामलाल ध्रुव, सुसेन, कमल, संतोष साहू, चरण सिंह निषाद, धनेश, अवध राम ध्रुव, रामकुमार सेन, पूनम चंद साहू, पीलू राम विश्वकर्मा, सोनसाय साहू, मदन लाल साहू, तुलसी, कमल, खेमराज साहू, धनेश्वर साहू, नारायण साहू, तिलेश्वर साहू, देवेंद्र साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### हवन-पूजन के साथ रामायण का समापन

भरूवाडीह। अंचल के गांवों में इन दिनों रामायण की गंगा बह रही है। इस कड़ी में चांपा, सैहा और गुमा में रामचरित मानस रामायण कथा का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में सेम्हराडीह में साप्ताहिक रामायण आयोजन के अंतिम दिन सभी ग्रामवासी एकजुट होकर, भोज भंडारा का आयोजन किया और सहस्र धारा के साथ पुरोहित के मार्गदर्शन में रविवार को हवन–पूजन कर पूर्णाहुति दी। हवन में नोखराम वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, नरसिंह बघेल, मुकेश साहू, तोरण ध्रुव, बीरेंद्र बघेल, धनेश ध्रुव, रामदुलार यादव, मुकेश धुरंधर, कार्तिक यदु, चेतन वर्मा, संजय बघेल, पीलाराम तिवारी, भुखन दास मानिकपुरी, बाबुराम यादव, मनोज बघेल, गोपाल साहू, रामकुमार वर्मा परिवार के साथ और ग्रामीणों ने गोधुलि बेला में पूर्णाहुति दी।





### मनुष्य प्रभु की सेवा कर सत्य की राह पर चले

■ तुलसी वर्षा, हवन–पूजन के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह का समापन

अमेरा। सड़क पारा सरस्वती चौक में मां गायत्री महिला समूह द्वारा आयोजित मंगलमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन गिता हवन, सहस्त्र धारा, गंगा स्नान और गिता चढ़ौत्री के साथ हुआ। भागवत कथा व्यास पीठ से पं झालेन्द्र कुंजबिहारी तिवारी ने कहा की हम जैसा कर्म करते हैं वैसा उसका फल हमें प्राप्त होता है। अतः मनुष्य को सदैव अपना जीवन प्रभु की सेवा में लगाकर सत्य की राह पर चलना चाहिए। इस भागवत महापुराण में सरजु वर्मा, केवरी वर्मा, चन्द्र कुमार सेन, खिलेश्वरी सेन परिक्षित के रूप में थे। आयोजक समिति मां गायत्री महिला समूह द्वारा अंतिम दिवस सभी के लिए कथा स्थल पर भंडारा का आयोजन किया गया।इस संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान मज्ञ सप्ताह को सफल बनाने में समिति के सदस्य रमा वर्मा, अंजली ध्रुव, मंजू यादव, बेबी ध्रुव, जमुना यादव, केवरी वर्मा कालेन्द्री वर्मा, खिलेश्वरी सेन, रामेश्वरी पटेल, निशा पटेल, रामकुमारी पटेल, गीता यादव, कविता पटेल, टिकेश्वरी साहू, प्यारी यादव और ग्रामीणों के साथ साथ मोहल्ला निवासियो का विशेष सहयोग योगदान रहा।

## मानिकपुरी कर्मचारी प्रकोष्ठ की कार्यकारणी का हुआ विस्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

विगत दिनों मानिकपुरी कर्मचारी प्रकोष्ठ विकासखंड कसडोल की आवश्यक बैठक ग्राम अमलीडीह में हुई।

इसमें प्रकोष्ठ के संयोजक लोकनाथ केवड़ा एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष छम्मन महंत की अनुशंसा पर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें संरक्षक मोती दास मानिकपुरी, नेहरू पड़वार, उपाध्यक्ष संजय दास मानिकपुरी, घनश्याम दास मानिकपुरी , सलाहकार नम्मू दास महंत, लखन दास महंत, ग्रहण दास मानिकपुरी, सह कोषाध्यक्ष चेतन दास मानिकपुरी, प्रवक्ता कीर्तन दास पड़वार को बनाया गया। अध्यक्ष छम्मन महंत ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने एवं सहयोग करने का आग्रह किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने सहयोग राशि जमा किए। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष छम्मन महंत, संयोजक एल एन केवड़ा, सचिव पिंकू मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष करुणा दास मानिकपुरी एवं अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला ऑडिटर से हड़ताल अवधि का वेतन जारी करने की मांग

सिमगा। पंचायत सचिव के लंबित हड़ताल अवधि के वेतन एवं माह मार्च के वेतन भुगतान के संबंध में जनपद पंचायत सिमगा के लेखापाल कौशल पटेल एवं छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन के प्रांतीय कार्यालय सचिव कमल साहू ने जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा के जिला ऑडिटर कामता प्रसाद ध्रुव से सौंजन्य मुलाकात की।



इस दौरान उन्होंने हड़ताल अवधि की ऐरियस राशि एवं सचिव वेतन भुगतान करने का अनुरोध करते हुए पत्र सौंपा। जिला ऑडिटर द्वारा बताया गया कि इस कार्यालयीन सप्ताह में हड़ताल अवधि का वेतन सचिवों को भुगतान कर दिया जाएगा एवं संचालनालय से वेतन भुगतान के लिए आवंटन नहीं होने के कारण से मार्च के वेतन भुगतान में कुछ समय लग सकता है।

## भाजपा मंडल की बैठक में शामिल हुए मंत्री टंकराम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

ग्राम आमाकोनी के सुहेला मंडल में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए।युवाओं से मतदान करने की अपील की। बृजमोहन अग्रवाल के पुत्र अभिषेक अग्रवाल ने कहा की जीत ऐसी हो की पूरा देश रायपुर लोकसभा की बात करें, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो रितेश मोहरे, जिला भाजयुमो प्रभारी विकास मित्तल, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, गंधर्व पांडे ने भी युवाओं को संबोधित किया। साथ ही भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर 5 युवाओं ने भाजपा प्रवेश किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, महामंत्री हेमंत बघमार, लूनकरण वर्मा अध्यक्ष युवा मोर्चा, दिनेश चौरे महामंत्री, निकेश देवांगन, दीपक वर्मा, कुलदीप वर्मा, लीलाधर साहू, यशवंत यदु, डुमन, रोशन, राकेश उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने दुर्गा मंच निर्माण का भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

ग्राम मोहरा निवासी प्यारेलाल वर्मा एवं रुकुमलाल वर्मा के सहयोग से ग्राम भालेसुर में दुर्गा मंच के लिए रविवार को तालाब किनारे ग्रामीणों की सहयोग से भूमिपूजन किया गया। बता दे कि इस तालाब की बीच में नवरात्रि के समय में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। भूमिपूजन कार्यक्रम में प्यारे लाल वर्मा, टाकेश्वर वर्मा, खूबी नेताम, प्रेमसिंग ध्रुव, लखन यादव, गोकुल वर्मा, राम सिंग, घनश्याम वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## ऑफिस सुपरीटेंडेंट सी दिनेश कुमार को नवोदय परिवार ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन



जिले की शान जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में ऑफिस सुपरीटेंडेंट के पद पर कार्यरत सी दिनेश कुमार के 31 मार्च को सेवानिवृत्ति होने पर 7 अप्रैल को विद्यालय परिसर में एक समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक व कर्मचारियों द्वारा उपहार भेंट किया गया। सी दिनेश कुमार विद्यालय के प्राचार्य बी गिरजा के पति है। मलयालम भाषी दिनेश कुमार मूलत कोतयश जिले के कोतमुरी ग्राम के निवासी हैं। बचपन लगभग छत्तीसगढ़ में बीता और छत्तीसगढ़ ही कर्म भी रहा। इन्होंने इंग्लिश और समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि हासिल की। दिनेश कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय जांजगीर चांपा, कोरबा, धमतरी, बालोद, बेमेतरा के अलावा बलौदाबाजार लवन में अपनी सेवाएं दिए हैं। आज विदाई समारोह पर विद्यालय के परिवार की ओर से एक भेंट प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। गीत संगीत का भी आयोजन किया गया। मंच का संचालन ग्रंथपाल राजेंद्र सीखा ने किया।

## समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

# कर्मा जयंती में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



ग्राम मोपका में साहू समाज के तत्वावधान में माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक चैतराम साहू तथा अध्यक्षता-भोलाराम साहू ने की।

मोपका साहू समाज द्वारा सर्वप्रथम प्रातः 11 बजे माता कर्मा मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो समूचे ग्राम का बाजे-गाजे के साथ भ्रमण कर समाप्त हुई। इसमें मोपका के अलावा आस-पास के हजारों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसके बाद पूजा एवं कथा का आयोजन दोपहर 12 से 1 बजे तक किया गया। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से माता कर्मा मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि माता कर्मा को मारवाड़ की कृष्ण भक्त मीरा भी कहा जाता है। जब-जब भगवान कृष्ण का उल्लेख आता है, तब-तब मां कर्मा का नाम भी सहज भाव से आ जाता है। वह भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थी। भगवान कृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिये थे। राजस्थान के नागौर जिले की मकराना तहसील में एक गांव है कलुवा। इस गांव में जीवन राम डुडी के घर 1615 में एक बेटी का जन्म हुआ। भगवान की बहुत मन्नते मांगने के बाद इसका जन्म हुआ था, जिसका नाम रखा कर्मा। कर्मा के चेहरे पर एक अनोखी आभा थी। बचपन से ही उसमें भक्ति भाव के संस्कार थे।




